**Sixteenth Loksabha**

an>

Title: Regarding implementation of model school scheme in Bijnor Parliamentary Constituency of Uttar pradesh.

**कुँवर भारतेद्र सिंह (बिजनौर):** अध्यक्ष महोदया, मॉडल स्कूल्स की दुर्दशा पर मैं आपका ध्यान आकृऐट करना चाहता हूं।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** इसको बहुत पहले ही सर्कुलेट किया हुआ था।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** इसे बहुत पहले ही सर्कुलेट किया गया था। अब बैठिए।

...(व्यवधान)

**कुँवर भारतेद्र सिंह :** अध्यक्ष महोदया, मॉडल स्कूल्स की दुर्दशा पर आपका ध्यान आकृऐट करना चाहता हूं। मॉडल स्कूल्स के लिए 75 प्रतिशत पैसा केद्र सरकार द्वारा दिया गया है।...(व्यवधान) मेरे क्षेत्र में मॉडल स्कूल योजना के अंतर्गत गांव कासमपुर खोल, विकास खण्ड जानसठ तथा गांव सिकन्दरपुर, विकास खण्ड मोरना और गांव खाई खेड़ी, विकास खण्ड पुरकाजी, जिला मुजफ्फरनगर में विद्यालय निर्मित किए गए। ...(व्यवधान)

इसी प्रकार से मेरे गृह जनपद के ग्राम सबलगढ़, विकास खण्ड नजीबाबाद, जिला बिजनौर में ग्राम बेनीपुर कोका, विकास खण्ड कोतवाली देहात, जिला बिजनौर में मॉडल स्कूल का निर्माण किया गया है। ...(व्यवधान) पिछले तीन वऐाॉ से ये विद्यालय पूर्ण हो गए हैं, उनका कार्य समाप्त हो गया और पूरा भवन बन गया है। ...(व्यवधान) दुर्भाग्य से पिछले तीन वऐाॉ में इन भवनों में कोई फर्नीचर, लैब, विद्युतीकरण, पेयजल सुविधा आदि उपलब्ध नहीं कराई गई है। ...(व्यवधान) अध्यापन कार्य हेतु अध्यापक, लिपिक, चपरासी आदि नियुक्त नहीं किए गए हैं। ये नवीन भवन खण्डहर बनते जा रहे हैं। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** इतना लम्बा-चौड़ा भाऐण नहीं देना है।

**कुँवर भारतेद्र सिंह :** अध्यक्ष महोदया, यह बहुत महत्वपूर्ण विऐाय है। मुझे एक मिनट समय दे दीजिए। इन विद्यालयों के निर्माण में 75 प्रतिशत धनराशि केद्र सरकार द्वारा पोऐात की गई है। सरकार द्वारा चयन के बाद ऐसे विकास खण्ड, जिनमें शिक्षा का अभाव है, वहां विद्यालयों का निर्माण कराया गया था। ...(व्यवधान) उत्तर प्रदेश में गड़बड़ है।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** कितना लम्बा बोलेंगे। जीरो आवर में इतना नहीं बोलते हैं।

...(व्यवधान)

**कुँवर भारतेद्र सिंह (बिजनौर):** अध्यक्ष महोदया, आज इससे पूरा प्रदेश प्रभावित है।...(व्यवधान) यह गरीब बच्चों की बात है। मैं समाप्त कर रहा हूं। ...(व्यवधान) उत्तर प्रदेश में इसके क्रियान्वयन में भ्रऐटाचार और कोताही की गई है। समाजवादी पार्टी सरकार के दौरान ...(व्यवधान) शिक्षा सचिव की रिपोर्ट के मुताबिक तीन विद्यालय पिछड़े विकास खण्ड में नहीं थे, 11 विद्यालयों की निर्माण योजनाओं को पुनः प्रस्तुत किया गया तथा 9 विद्यालय पूर्व से ही स्वीकृत थे।...(व्यवधान) कृपया इन्हें जल्दी से जल्दी शुरू कराएं।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** अब समाप्त कीजिए। बस हो गया। ऐसा नहीं होता है। पूरी की पूरी समस्या नहीं बोलते हैं।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:**

श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं

कुँवर पुऐपेद्र सिंह चन्देल को कुँवर भारतेद्र सिंह द्वारा उठाये गये विऐय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।